# कलेक्टर को हाईकोर्ट ने दिए कार्यवाही के निर्देश

## जिले के बालक आदिवासी छात्रावास मड़वास में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कोर्ट में पीआईएल दायर

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 नवम्बर. जिले के आदिवासी जूनियर छात्रावास मड़वास के भ्रष्टाचार का मामला हाईकोर्ट पहुंचा.**




छात्रावास में हुये भ्रष्टाचार के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर हुई पीआईएल की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कलेक्टर को 60 दिन में कार्यवाही के निर्देश दिये हैं. बालक आदिवासी छात्रावास मड़वास के भ्रष्टाचार के मामले में याचिकाकर्ता हरिलाल कोल पिता दौऊला कोल निवासी मड़वास के द्वारा पूर्व में 3 नवम्बर 2024 को कलेक्टर सीधी की जनसुनवाई में आवेदन देकर जांच की मांग की गई थी. कलेक्टर के निर्देश के बाद एसडीएम मझौली के नेतृत्व में जांच के लिये टीम गठित की गई थी. एसडीएम मझौली की टीम द्वारा विगत 5 नवम्बर 2024 को मड़वास आदिवासी बालक छात्रावास में पहुंचकर जांच की गई. जांच के दौरान विभिन्न मदों पर छात्रावास को मिली राशि का ब्यौरा लिया गया. एसडीएम की जांच में मड़वास आदिवासी बालक छात्रावास के अधीक्षक राघवेन्द्र अहिरवार के द्वारा 3 लाख रूपये का गबन पाया गया. एसडीएम मझौली आर.पी. त्रिपाठी द्वारा अपना जांच प्रतिवेदन कलेक्टर सीधी के पास भेजा गया लेकिन गबन के मामले में अधीक्षक के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई. लिहाजा याचिकाकर्ता हरिलाल कोल द्वारा कार्रवाई की मांग को लेकर हाईकोर्ट जबलपुर में याचिका दायर की गई. याचिका पर सुनवाई के बाद दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को माननीय हाईकोर्ट ने जिला कलेक्टर सीधी को निर्देशित किया कि 60 दिनों के अंदर आदिवासी बालक छात्रावास मड़वास के अधीक्षक राघवेन्द्र अहिरवार पर कार्रवाई कर सूचित किया जाए.

### इनका कहना है

आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास मड़वास पर दायर याचिका पर हाईकोर्ट का जो आदेश हुआ है उसका पालन किया जायेगा.

**- जोधा सिंह उइके**, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सीधी

### कई बार की शिकायत

अभिभावक हरिलाल कोल ने बताया कि मैं लगातार मड़वास आदिवासी बालक छात्रावास की कमियों को लेकर शिकायत करता रहा हूं. छात्रावास में मेरे बच्चे के ऊपर काफी ज्यादती की गई और गाली-गलौज किया गया. शासन की कोई भी योजना का लाभ बच्चों को नहीं दिया जा रहा था. छात्रावास में कोई भी व्यवस्था नहीं थी और बच्चों को जबरन घर भेज दिया जाता था. इसकी लिखित शिकायत मेरे द्वारा कलेक्टर से की थी. जांच होने के बाद भी दोषी अधीक्षक के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने पर मैं हाईकोर्ट गया. हाईकोर्ट ने 60 दिन में अधीक्षक के ऊपर कार्रवाई करने का आदेश कलेक्टर को दिया है.

# बुलडोजर एक्शन पर पंद्रह दिन की रोक

**▸ हत्याकांड के आरोपी के भाई ने कार्रवाई को दी चुनौती**

**जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कटनी में भाजपा नेता नीलू रजक की गोली मारकर हत्या के आरोपी अकरम खान का मकान गिराने पर 15 दिन की रोक लगा दी है.**



एकलपीठ मामले में कहा है कि आवेदक चाहे तो15 दिन के भीतर युगलपीठ के समक्ष अपील करने स्वतंत्र है. यह मामला हत्या के आरोपी अकरम खान के भाई इमरान खान की ओर से दायर किया गया है. आवेदक की ओर से न्यायालय को बताया गया कि उसके भाई अकरम खान और नेल्सन जोसेफ को नीलू रजक की 28 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या के आरोप में कटनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. कैमोर नगर परिषद ने मकान को गिराने के लिए नोटिस जारी किया है, जिसे कोर्ट में चुनौती दी गई. राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह और पैनल अधिवक्ता आकाश मालपाणी ने पक्ष रखते हुए बताया कि यह याचिकाकर्ता के पास मालिकाना हक और निर्माण की अनुमति से संबंधित दस्तावेज नहीं है. मकान मोहम्मद इमरान खान की मां के नाम पर जरूर है, लेकिन उनके पास सिर्फ एग्रीमेंट के दस्तावेज है.

### कलेक्टर पर लगा दस हजार जुर्माना

हाईकोर्ट ने जिस संबंध में हलफनामा मांगा था उसके संबंध में जवाब पेश नहीं किया गया. कलेक्टर सीधी को व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर माफी मांगी. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कलेक्टर पर दस हजार रूपये का व्यक्तिगत जुर्माना लगाते हुए संबंधित विषय पर जवाब पेश करने के निर्देश जारी किये है. सीता सिंह की तरफ से दायर की याचिका में कहा कि भूमि अधिग्रहण करते हुए पहले 1 करोड़ 10 लाख 52 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया गया था.

## एक नजर में



### भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान शुरू

**ग्वालियर, 29 नवंबर.** भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा एसआईआर को लेकर आज महानगर के बूथों पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा बृहद पैमाने पर महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी को लेकर प्रदेश शासन के मंत्री नारायणसिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने-अपने बूथों सहित विभिन्न बूथों पर सघन संपर्क आमजन से संपर्क कर एसआईआर की जानकारी ली गई. भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा चलाए गए दो दिवसीय महाजनसंपर्क अभियान के तहत महानगर के सभी मंडलों में वरिष्ठ भाजपाजनों द्वारा सघन संपर्क किया गया. भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया द्वारा बूथ क्रमांक 216 पर सघन आमजन से संपर्क कर एसआईआर को लेकर जानकारी प्राप्त की. इसी तरह केबीनेट मंत्री नारायणसिंह कुशवाह ने महाजनसंपर्क अभियान में जोश भरते हुए शहीद हेमू कालानी मंडल में बूथ क्रमांक 60, 61, 64 एवं गुप्तेश्वर मंडल में बूथ क्रमांक 12 तथा स्वामी विवेकानंद मंडल के बूथ क्रमांक 30, 31 पहुंचकर बूथों पर संघन निरीक्षण किया. इसी तारतम्य में उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत आज वार्ड क्रमांक 32 में द्वारकापुरी में बूथों पर सघन संपर्क करते हुए आमजन एसआईआर को लेकर मिलकर इस संबंध में चर्चा की.

### सुसराल पक्ष के प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा, 29 नवंबर.** उमरेठ थाना क्षेत्र में शनिवार की रात जहर सेवन से जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शाम को एक महिला की मौत हो गई. मौत के दौरान महिला के पेट में पांच माह का गर्भ था. इस मामले को लेकर मायका पक्ष और सुसराल पक्ष आमने सामने हो गए. दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप जड़े. मृतिका के परिजनों ने कहा है कि सुसराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर मेरी बेटी ने जहर खाकर जान दे दी. रविन्द्र सूर्यवंशी सुबह खेत चला गया था. वह खेत से खाना खाने घर आया था. फिर दूसरे खेत जाने के लिए तैयार हुआ. तभी पत्नी अरूणा सूर्यवंशी ने घर के पीछे का दरवाजा बंद किया. उसके हाथ में पुड़िया थी. पत्नी के हाथ से पुड़िया छुड़ाई और सीधा थाने जा पहुंचा. पुलिस को पूरा मामला बताया. इसके बाद वह दूसरे खेत चला गया. पत्नी बाइक से मोरडोंगरी चली. वह दो घंटे बाद घर लौटी. जब वह शाम को घर लौटा तो देखा पत्नी उल्टियां कर रही है. उसने गंभीर हालत में पत्नी को जिला अस्पताल लेकर आ गया. जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

# दुष्कर्म-धर्म परिवर्तन के आरोपों से गांव में बढ़ा तनाव

**▸ खजूरी रुंडा में तीन लड़कियां लापता, दो मिली, एक लापता**

**गरोठ, 29 नवंबर. गरोठ तहसील के संवेदनशील गांव खजूरी रुंडा में एक ही परिवार की तीन लड़कियों के अचानक लापता होने से गांव में तनाव और चिंता का माहौल बन गया.**



पुलिस की तीन दिन तक चली लगातार तलाश के बाद दो लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया, जबकि तीसरी लड़की का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है. घटना ने ग्रामीणों में असुरक्षा और आक्रोश की स्थिति पैदा कर दी है. पुलिस के अनुसार, पीड़िता बालिग है, जबकि आरोपी युवक नाबालिग है. शिकायत के आधार पर अपहरण और दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया कि मामले की जांच तेज गति से जारी है तथा तीसरी लड़की की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है. एसडीएम राहुल चौहान ने ज्ञापन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अवैध अतिक्रमण संबंधी शिकायत को राजस्व विभाग को भेज दिया गया है. उन्होंने कहा कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई तय की जाएगी.

### मीणा समाज का प्रशासन को अल्टीमेटम

मीणा समाज के सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम राहुल चौहान को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में समाज ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक लड़की को फुसलाकर ले गया और उस पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के साथ दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया है. समाज ने चेतावनी दी कि सात दिनों में कड़ी कार्रवाई न होने और आरोपी के पिता का कथित अवैध अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा.

# ग्रामोदय विवि के नए कुलगुरु प्रो. चौबे ने कार्यभार ग्रहण किया

**सतना29 नवंबर. प्रख्यात शिक्षा विद एवं अकादमिक प्रशासक प्रो आलोक चौबे ने आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है.**

कुलगुरु के रूप में 4 वर्ष के लिए प्रो आलोक चौबे की नियुक्ति प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने 14 नवंबर 2024 को किया था.प्रो चौबे नए कुलगुरु के रूप में आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है. प्रो आलोक चौबे के ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर आगमन पर ग्रामोदय स्टाफ ने उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया. उनके यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रवेश करते ही ढोल नगाड़ों की ऊर्जावान ध्वनि के साथ ग्रामोदय स्टाफ ने उनके ऊपर पुष्प पंखुड़ियों की बरसात की. मालाएं पहनाई. बुके भेंट किया. ग्रामोदय परिवार द्वारा तैयार आत्मीय स्वागत के वातावरण से नए कुलगुरु प्रो आलोक चौबे काफी प्रभावित हुए और सभी का अभिवादन एवं हार्दिक अभिनंदन स्वीकार किया. रेवांचल एक्सप्रेस से सतना रेलवे स्टेशन पहुंचे प्रो आलोक चौबे का स्वागत कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी की अगुवाई में ग्रामोदय कर्मचारियों ने किया.

# तीन करोड़ के गबन का आरोपी नपा का क्लर्क क्रिकेट खेलते गिरफ्तार

**भिंड, 29 नवंबर. भिंड नगर पालिका में संबल योजना के करोड़ों रुपये के गबन के मामले में एक साल से फरार क्लर्क राजेंद्र सिंह चौहान को पुलिस ने विदिशा से गिरफ्तार कर लिया.**



पुलिस ने जब दबिश दी उस वक्त आरोपी वहां क्रिकेट खेल रहा था. गिरफ्तारी के बाद उसने अपनी कार से ही भिंड चलने की जिद की जिस पर पुलिस टीम उसे उसी की ब्रेजा कार में बैठाकर साथ लाई. आरोपी ने पूछताछ में 3 करोड़ के गबन की बात कबूली है. नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी के खिलाफ करीब एक साल पहले सिटी कोतवाली थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था. वह लगातार ठिकाने बदल रहा था. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विदिशा में दबिश देकर उसे क्रिकेट के मैदान से पकड़ा. पूछताछ में चौहान ने संबल योजना के तहत करीब 3 करोड़ रुपए के गबन की बात स्वीकार की.

## मुख्य कार्यपालन यंत्री को थमाया नोटिस

**शाजापुर, 29 नवंबर.** शाजापुर को फोरलेन की सौगात देने आए मंत्री राकेश सिंह ने शहर की जनता को नई सौगात से राहत दी, तो वहीं एक अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही भी कर दी. लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह भूमिपूजन के बाद जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए औचक निरीक्षण किया. लोक कल्याण सरोवर और अन्य निर्माण कार्यों में अनियमितता मिलने पर मुख्य कार्यपालन यंत्री हर्षवर्धन मुवेल के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो वेतनवृद्धि रोककर मुख्यालय अटैच कर दिया. इसके अतिरिक्त मुख्य अभियंता को भी नोटिस जारी किया.

# कूनो नेशनल पार्क से बारां पहुंचा चीता

**वन विभाग की टीम कर रही निगरानी**

**श्योपुर, 29 नवंबर. राजस्थान के बारां जिले के रामगढ़ क्षेत्र में आज एक चीते का मूवमेंट देखा गया. चीते की सूचना मिलते ही रामगढ़ क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया.**

रामगढ़ माताजी के दर्शन करने आए दर्शनार्थियों के बीच भी डर का माहौल रहा. पहले इसे देशी पैंथर माना जा रहा था. बाद में कूनो नेशनल पार्क से आई टीम ने इसकी पहचान अफ्रीकी चीते के रूप में की, जिसे केपी-2 बताया जा रहा है. कुछ समय पहले ही केपी-2 चीते ने इसी क्षेत्र में एक नीलगाय का शिकार किया था. दोनों राज्यों के वन विभाग की टीमें चीते को ट्रैक करने का प्रयास कर रही हैं. 50 किमी से अधिक दूरी तय कर आदिवासी क्षेत्र में आए इस शिकारी चीते को रामगढ़ क्रेटर की पहाड़ियों में देखा गया है.

जिला वन अधिकारी विवेकानंद मानिकराव ने बताया कि यहां से कूनो नेशनल पार्क की टीम को सूचित कर दिया गया था. कूनो की टीम वहां पहुंच गई थी. चीता पूरी तरह सुरक्षित है. कूनो नेशनल पार्क और बारां वन विभाग की टीम लगातार चीते को ट्रैंकुलाइज करने में जुटी हुई है. जल्द ही उसे ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा. श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकला यह चीता घूमते-घूमते बारां जिले के ग्रासलैंड युक्त जंगली क्षेत्र में पहुंच गया है. कूनो नेशनल पार्क की टीम इस चीते की तलाश में जुटी हुई थी. इसकी लोकेशन मध्य प्रदेश से सटे राजस्थान के कोटा संभाग में बारां जिले के आदिवासी जंगल में मिली, जहां धार्मिक स्थल एवं भारत के पहले अधिसूचित क्रेटर के पास ग्रामीणों को नदी में पानी पीता हुआ चीता दिखाई दिया. दोनों राज्यों के वन विभाग की टीमें लगातार चीते को ट्रैक कर रही हैं और निगरानी जारी रखी हुई हैं.

# बिलों के नाम पर करोड़ों की रकम ट्रांसफर

**▸ घोटाला जांच में कई चेहरे हो सकते हैं बेनकाब**

**जबलपुर,29 नवम्बर. छटवीं बटालियन एसएएफ में हुए करोड़ो का घोटाला की जांच पड़ताल चल रही है. बटालियन की टीए (ट्रेवल एलाउंस) शाखा में टीए बिलों के नाम पर करोड़ो रुपए अपने बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करवाने वालों जवानों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही है.**

प्रारंभिक जांच के बाद मामले में दो जवान दोषी पाए जा चुके है जिनमें से एक आत्महत्या कर चुका है जबकि दूसरा फरार है. इसके अलावा इस घोटालें में कई नए चेहरे भी बेनकाब हो सकते है. दरअसल करोड़ों के ट्रैवलिंग अलाउंस घोटाले की जांच में कई जांच के घेरे में आ चुके है. जिनको लेकर गोपनीय तरीके से जांच जारी है. टीए शाखा में पिछले पांच सालों से पदस्थ अधिकारी और जवान अलग-अलग मदों और कार्यों के नाम पर रुपए निकाल रहे थे. यह राशि सीधे वे अपने बैंक एकाउंट में टांसफर कर लेते थे. मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची तो मामले में जांच टीम गठित की गई है. सूत्रों की माने तो इस मामले में अब तक 20 से अधिक जवानों के खाते फ्रीज किए जा चुके है. इन खातों में लाखों रूपए मिले है. एसएएफ कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी ने बताया बटालियन के टीए सेक्शन में वित्तिय अनियमितताएं मामले की जांच चल रही है. पूर्व में कुछ खाते सीज किए गए थे. विस्तृत जांच जारी है जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है. इसमें कितने लोग शामिल है घोटाला कितने का है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच जारी है.

जांच टीम ने जब पुलिस जवान अभिषेक झारिया की बैंक संबंधित जानकारी खंगाली और ट्रांजेक्शन का ब्यौरा जुटाया तो खाते में बिलों के जरिए 55 लाख रुपए ट्रांसफर कराये जा चुके थे. सात साल का वेतन और एरियर मिलाकर भी कुल रकम 26 लाख से ज्यादा नहीं हो रही है. अभिषेक ने 12 नवम्बर को शोभापुर रेल पटरियो पर ट्रेन से कटकर जान दे दी थी. 14 नवम्बर को उसकी पहचान हुई थी. इस घोटले में कई अधिकारियो और कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है. शाखा में तैनात मदन महल निवासी आरक्षक अभिषेक झारिया और एक अन्य को पूर्व में निलम्बित किया जा चुका है.

## जैतहरी नगर परिषद में करोड़ों का भ्रष्टाचार!

**जबलपुर.** अनूपपुर जिले की जैतहरी नगर परिषद में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है. दायर मामले में कहा कि शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रहीं है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. यह जनहित याचिका अनूपपुर निवासी जय प्रकाश अग्रवाल की ओर से दायर की गई है. जिनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडे, कौशलेश पांडे व सिद्धार्थ पांडे ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि नगर परिषद के सीएमओ, अध्यक्ष की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है.

# व्यापारी के मुनीम से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**▸ पुलिस ने आरोपी के पास से एक लाख भी बरामद किए**

**ग्वालियर, 29 नवंबर. शराब व्यापारी के मुनीम से 29.50 लाख रूपये लूट के मामले में पुलिस ने फरार आखिरी आरोपी को दबोचा है. वह कई माह से पुलिस को चकमा दे रहा था.**



अजय गुर्जर के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी कि वह मुरैना बानमोर में अपने ठिकाने पर आया हुआ है. जिस पर बहोड़ापुर थाना पुलिस ने दविश देकर अजय को गिरफ्तार कर लिया. इसके पास से एक लाख बरामद किए है. फिलहाल पुलिस इससे पूछताछ कर रही है. इस घटना में 6 आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. उनसे 28.50 लाख रूपये बरामद हो चुके है. शहर के बहोड़ापुर इलाके में कोटेश्वर मंदिर रोड पर अपाचे सवार बदमाशों ने शराब व्यापारी लक्ष्मीनारायण शिवहरे के मुनीम पर कट्टा अड़ाकर नगदी से भरा बैग लूट लिया था. बैग में 29.50 लाख रूपये रखे हुए थे. इस घटना के बाद कुछ सीसीटीवी फुटेज आये थे. फुटेज की चेन बनाकर पुलिस ने मुरैना और ग्वालियर की गैंग को बर्स्ट कर लूट का खुलासा किया था. पुलिस ने आरोपी शिवम पुत्र उमेशसिंह कुशवाह निवासी ग्राम करूआ हाल चंदननगर, दीपक पुत्र भरत सिंह कुशवाह, विजय उर्फ पता पला पुत्र रामनरेश सिंह गुर्जर, राहुल पुत्र सुरेन्द्र गोरिया निवासी ग्राम लोहागढ़, ध्रुवसिंह पुत्र महावीर सिंह गुर्जर निवासी ग्राम करूआ, विकास पुत्र राम बख्तियार गुर्जर निवासी ग्राम करूआ थाना नूराबाद को पूर्व में गिरफ्तार किया था. जिनके कब्जे से 29 लाख 50 हजार रूपये की लूट की राशि में से 28 लाख 85500 और 16 हजार का एक मोबाइल जब्त किया गया था.

## जेयू में परीक्षाएं शुरू चार नकलची पकड़े

**ग्वालियर.** जीवाजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में आज चार नकलची इंदरगढ़ के पीजी कॉलेज में पकड़े गए. यह चारों छात्र नकल से पेपर हल कर रहे थे. जीवाजी विश्वविद्यालय की आज एमए, एमएससी, एमकॉम फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हुई हैं. इन परीक्षाओं मैं नकल पर अंकुश लगाने के लिए दो दल मुरैना और दतिया भेजे गए. पीआरओ डॉक्टर विमलेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जीवाजी विद्यालय के पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की आज परीक्षाएं प्रारंभ हुई है. इन परीक्षाओं पर अंकुश लगाने के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय कंट्रोल रूम में दो उड़न दस्ते मुरैना और दतिया भेजें जहां उड़न दस्ते ने परीक्षाओं में जांच की और और इंदरगढ़ पीजी कॉलेज में नकल करते हुए चार लोगों को पकड़ा.

**निर्देश ▸ सड़क दुघर्टनाओं के रोकथाम के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**

# कोल वाहनों में स्पीड गर्वनर अनिवार्य रूप से लगे

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 नवम्बर. सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में एवं एसपी मनीष खंत्री के उपस्थित में एनसीएल-एनटीपीसी सहित जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियों के अधिकरियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई.**



बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपस्थित औद्योगिक कम्पनियों के अधिकारियों से किए गए व्यवस्थाओं की अलग-अलग जानकारी ली. कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी कम्पनियां यह सुनिश्चित करे कि कोल परिवहन करने वाले सभी वाहनों में अनिवार्य रूप से स्पीड गर्वनर लगाया जायें तथा वाहनों पूरी तरह से ढक कर ही कोल परिवहन करे तथा अपने-अपने क्षेत्रो के क्षतिग्रस्त सड़को का कम्पनिया सुधार कराने के साथ ही सड़को को चौड़ीकरण कराना भी सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने सड़क के अंधे मोड़ पर साईन बोर्ड लगाने के निर्देशित किया कि भारी वाहनो का परिचालन निर्धारित किए ए समय पर ही किया जायें. वही एसपी ने निर्देशित किया सभी कम्पनियां अपने अधीनस्थ वाहन चालको की ट्रॉफिक नियमो के संबंध प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें.

वाहन चालक पूरी जिम्मेदारी के साथ ट्रॉफिक नियमो का पालन करते हुयें वाहन चलाये. साथ ही विषेश रूप से यह भी देखे कि चालक नशे के हालत वाहन बिलकुल नही चलायें. ऐसी स्थिति में पाये जाने पर नियमानुसा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें. ठण्ड के मौसम को मद्देनजर रखते हुये वाहनो में फाग लैप लगाने के भी निर्देशित किया. बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय आदि मौजूद रहे.

## आबकारी की टीम ने की शराब दुकान पर कार्रवाई

**ग्वालियर, 29 नवंबर.** जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं अवैध तरीके से मदिरापान के खिलाफ जिला प्रशासन के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इस कड़ी में आज रात कंपोजिट मदिरा दुकान नाका चंद्रबदनी के पास अवैध मदिरापान पर आबकारी बल द्वारा कार्रवाई की गई. आबकारी बल ने 2 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. साथ ही कंपोजिट मदिरा दुकान के पास मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराने पर लाइसेंसी पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम तहत विभागीय प्रकरण पंजीकृत कर मौके पर पंचनामा बनाकर आरोप पत्र दिया गया.

# सिंधिया के काफिले की गाड़ियां टकराई

**एसडीओपी और तहसीलदार हुए हादसे में घायल**

**ग्वालियर, 29 नवंबर. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के काफिले की कारें अचानक अनियंत्रित होकर टकरा गईं. इस घटना में अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा और अशोकनगर तहसीलदार भारतेंदु यादव घायल हुए हैं. जबकि काफिले की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुईं हैं.**



ये सड़क दुर्घटना गुना नाके के पास घटी है. केंदीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चंदेरी महोत्सव का शुभारंभ करने के बाद गुना शहर से होकर जा रहे थे. जिनके साथ वाहनों का बड़ा काफिला था. इसी दौरान अचानक किसी कार के ब्रेक लगे तो एसडीओपी और उसके पीछे तहसीलदार की गाड़ी टकरा गई. इससे हड़कंप मच गया. इस घटना में एसडीओपी और तहसीलदार घायल हुए हैं, उन्हें चोटें आई हैं.

**हादसे में काफिले के वाहन छतिग्रस्त:** कोतवाली प्रभारी रवि प्रतापसिंह चौहान का कहना है कि, अचानक रास्ते पर स्वागत के लिए काफिला रुका तो किसी फॉर्च्यूनर कार से एसडीओपी और उसके पीछे तहसीलदार का वाहन टकरा गया. इससे दोनों को चोट आई हैं. फॉर्च्यूनर वाहन किसका था, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है.